जिम्मेदार कौन

डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड की तैनाती के बाद भी जारी है वनों की कटाई

# जंगलों में हो रही अंधाधुंध अवैध कटाई, अंजान बना वनविभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई/ भुजेंद्र शर्मा

जंगल और पर्यावरण को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से बातें तो बहुत की जाती है पर सरकार की कोशिशों की जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यहां तक कि वन विभाग का नर्सरी से लगा वन भी अब अवैध कटाई से बच नहीं पा रहा। ग्राम से लगे हुए वन सहित आसपास के जंगल से सागौन के बढ़ते पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है, जिस पर विभाग का कोई ध्यान नहीं है। यहां तक कि वन सुरक्षा समिति और बीट गार्ड भी अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभा रहे हैं। इससे ग्राम से सटे जंगल में अब ठूंठ नजर आ रहे हैं।वन विभाग की निष्क्रियता का आलम यह है कि जंगल की निगरानी के लिए वन विभाग की ओर से तैनात किए गए डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड को भी मामले की जानकारी होने पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती और वनों से अवैध कटाई लगातार जारी है।



### हरदुआ बीट में आए दिन होती है वृक्षों की कटाई

चौरई वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले हरदुआ बीट में नर्सरी से लगे ग्राम हरदुआ क्षेत्र के जंगल में लगे सागोन जैसे पेड़ों की अवैध कटाई जारी हैं। लकड़ी तस्करी करने वाले द्वारा सफ़ेदपोस नेताओ के संरक्षण मे जिन पेड़ों की कटाई की जा रही है, वे बढ़ते हुए पेड़ हैं, पर वन विभाग जानबूझकर इससे अनजान बना हुआ है।वही स्थानीय कुछ वन प्रेमियों ने बताया कि अगर पेड़ो की कटाई की जानकारी हमारे द्वारा स्थानीय बीट रेंजर या गार्ड को दी जाती है तो वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपना पल्ला झाड़ते हुए बोलते हैं कि अभी हमारी ड्यूटी अन्य जगह पर लगी हुई है।

### दिन के उजाले में खुलेआम होती है वनों की कटाई

चौरई वन परिक्षेत्र अंतर्गत हरदुआ बीट अंतर्गत जंगलों की इमारती लकड़ी देने वाले पेड़ों को बड़ी संख्या में काट दिया गया है,लकड़ी तस्करों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से पेड़ों की कटाई अभी भी की जा रही है। वनों के बाहर से थोड़ा कम पर अंदर जाने के बाद स्थिति साफ हो जाती है। जंगल को बचाने कि की जा रही सरकारी कवायद भी नाकाफी साबित हो रही है।धीरे-धीरे जंगल को साफ करने का सिलसिला जारी है।वन विभाग के डिप्टी रेंजर व बीट गार्ड की उदासीनता के कारण दिन के उजाले में खुलेआम वृक्षों की कटाई की जा रही है लेकिन डिप्टी रेंजर के सुस्त रवैया की वजह से वन संपदा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड पर उठ रहे सवाल

वनों की सुरक्षा के लिए तैनात डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड पर इस मामले को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड की मौजूदगी होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के नजदीक के जंगलों में पेड़ों की जगह ठूंठ क्यों है,लकड़ी तस्कर इमारती लकड़ी देने वाले पेड़ों को निशाना बनाकर अंधाधुंध,दिन के उजाले में काट रहे हैं और वन सुरक्षा में तैनात वन अमला को इसकी जानकारी होने के बावजूद अनजान बना हुआ है।

दोनों आरोपियों पर की गई कार्रवाई

## खनिज-राजस्व की संयुक्त टीम ने पकड़ी दो ट्रैक्टर ट्रॉली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

परासिया पुलिस ने लोहांगी घाट में अवैध रेत का परिवहन करने वाले दो ट्रैक्टर और दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जितेन्द्र सिंह जाट के नेतृत्व में शनिवार-रविवार की रात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लोहांगी घाट में अवैध रेत का उत्खनन/परिवहन किया जा रहा है, प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वरी पटले, आरक्षक-भोलाराम बारस्कर व पुलिस टीम एवं राजस्व विभाग की टीम में नायब तहसीलदार श्री राम सूर्यवंशी संयुक्त टीम के द्वारा दबिश देकर अवैध रेत का उत्खनन/ परिवहन कर रहे, आकाश चन्द्रवंशी एवं बब्लू चन्द्रवंशी के 02 ट्रेक्टरों को मय ट्रॉली पकड़कर थाना लाकर खड़ा किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध अवैध रूप से खनिज संपदा के उत्खनन/परिवहन करने पर विधि संगत सख्त कार्यवाही की गई है! अवैध गतिविधियों पर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## बूथ ही कांग्रेस पार्टी की मजबूती का आधार स्तम्भ है: नकुलनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पार्टी संगठन को गांव-गांव व बूथ स्तर तक विस्तारित करने एवं मजबूती प्रदान करने में क्षेत्रीय व बूथ कमेटियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। मैं प्रत्येक बैठक अथवा जनसभाओं में यह बात कहता हूं कि चुनाव जिताने वाले मंच के सामने बैठे होते हैं। आज पुनः दोहरता हूं कि कांग्रेस पार्टी की नींव कार्यकर्ता हैं। पार्टी में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है किन्तु बूथ की मजबूती पर ध्यान देना नितांत आवश्यक है इसके लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य किया जाना चाहिए। उक्त उदगार आज शिकारपुर कमलकुंज में आयोजित तीन विधानसभाओं की बैठक में जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी ने व्यक्त किए। चौरई, जुन्नारदेव व अमरवाड़ा विधानसभा के समस्त प्रभारीगण, पर्यवेक्षकगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, कार्यकारी अध्यक्ष एवं ब्लॉक समन्वयकगण, उप ब्लॉक शहर अध्यक्षगण एवं कार्यकारी अध्यक्षगण व क्षेत्रीय कमेटी अध्यक्षगण एवं छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग 1 व भाग 2 के पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, ब्लॉक समन्वयक व क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए माननीय नकुलनाथ जी ने कहा कि बूथ मजबूत होगा तभी कांग्रेस मजबूत होगी।

## एक ही रात्रि में किया 91 वारंटियों को किया गिरफ्तार

गुम हुये व्यक्तियों की तलाश कर 03 गुम इंसान दस्तयाब कर परिजनो से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पुलिस ने एक ही रात में 91 वारंटियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। एसपी अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा में शनिवार और रविवार की रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग–अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग–अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त के लिये रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी शाखा (सायबर सेल) के सहयोग एवं नाकाबंदी / दबिश देकर एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 06 स्थाई व 85 गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 91 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तारशुदा वारंटियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं। जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में थाना कुण्डीपुरा द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठित कर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया, जिसमें 01 स्थायी व 15 गिरफ्तारी, कुल 16 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई राजेश बंजारे के नेतृत्व में थाना चौरई में 01 स्थायी व 12 गिरफ्तारी, कुल 13 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई राजेश बंजारे के नेतृत्व में थाना मोहखेड द्वारा गठित टीम ने 08 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई हैं ।

## विधि विधान के साथ शुरू हुआ पंचेश्वर हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर के गांधी गंज स्थित पंचेश्वर हनुमान मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है , जिसके चलते आज 1 जून से 5 जून तक विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे जिसको लेकर आज प्रथम दिन संपूर्ण विधि विधान के साथ गणेश पूजन, मातृका पूजन, प्रधान पूजन किया गया जिसमें सभी मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य गण और गांधी गंज व्यापारी मंडल के सदस्य उपस्थित रहे । वही मंदिर में शंकर जी के परिवार एवं श्रीराम दरबार की नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी, हनुमान जी की प्रतिमा यथावत रहेगी। गांधीगंज व्यापारी मंडल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं सचिव अशोक संचेती ने बताया कि 2 जून को जलाधिवास, श्री देवता मंडल पूजन, 3 जून को पुष्पाधीवास, शयनधीवास, 4 जून को हवन एवं गांधी गंज परिसर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी , साथ ही 5 जून को सभी देवताओं की स्थापना के साथ पूर्ण आहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।



### मोहरली में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ


**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री जगदीश ताम्रकार जी के निजनिवास-शगुन मैरिज लॉन के बाजु ने,बंजारी माता मंदिर के सामने,कुकड़ा जगत,झंडा रोड़, मो ह र ली , छि न्द वा ड़ा , जि ला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर, अंश पटेल, कैलाश उइके, पलक उईके, अनय कसार, प्रदीप भारती, परमजीत सिह, संतोष वंशकार मौजूद रहे।

## फेल छात्रों के लिए नई उम्मीद, छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका

आज से शुरू होंगी परीक्षाएं, एडमिट कार्ड हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए लगातार गंभीर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में, मध्य प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय शिक्षा मंडल की मदद से उन छात्रों के लिए विशेष परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं जो किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ चुके हैं या बोर्ड परीक्षा में असफल रहे हैं। यह पहल न केवल छात्रों के भविष्य को संवार रही है, बल्कि उन्हें दोबारा मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने का अवसर भी दे रही है। मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर 2 जून से 20 जून तक विभिन्न योजनाओं के तहत परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें 'रुक जाना नहीं' योजना, 'आ लौट चलें' योजना, ओपन स्कूल (पारंपरिक), आईटीआई परीक्षा, सीबीएसई ऑन डिमांड एग्जामिनेशन, और कक्षा 5वीं से 8वीं की परीक्षाएं शामिल हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के



एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके हैं। यह परीक्षाएं उन छात्रों के लिए हैं जो MP Board, CBSE या अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड से असफल हो गए हैं और अब दोबारा परीक्षा देकर अपनी शिक्षा जारी रखना चाहते हैं।

### 'रुक जाना नहीं' योजना में फेल छात्रों को दूसरा मौका

**MP State** द्वारा शुरू की गई 'रुक जाना नहीं योजना' का उद्देश्य है कि **MP Board** की परीक्षा में असफल हुए छात्रों का पूरा साल बर्बाद न हो। इस योजना के तहत, माध्यमिक शिक्षा मंडल के रेगुलर और प्राइवेट छात्रों को उसी वर्ष दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलता है। इस तरह वे पास होकर उच्च शिक्षा में दाखिला ले सकते हैं और अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। इस योजना से अब तक लाखों छात्रों को लाभ मिला है और वे एक बार फिर से आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई की मुख्यधारा में लौटे हैं।

### CBSE बोर्ड के छात्र भी उठा सकते हैं लाभ

रुक जाना नहीं' योजना में केवल **MP Board** के नहीं, बल्कि **CBSE** बोर्ड के असफल छात्र भी शामिल होकर परीक्षा दे सकते हैं। इस योजना के तहत 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने का मौका सभी को समान रूप से मिलता है। परीक्षा समाप्त होने के एक महीने के भीतर, यानी जुलाई में परिणाम जारी कर दिए जाएंगे ताकि सफल छात्र समय रहते कॉलेज या अन्य संस्थानों में प्रवेश ले सकें।दिसंबर में मिलती है एक और कोशिशयदि कोई छात्र जून में आयोजित पहली परीक्षा में पास नहीं हो पाता है, तो **MP State** द्वारा उसे दिसंबर में दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाता है। यह दूसरा अवसर छात्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता, जिससे वे एक और प्रयास करके सफलता हासिल कर सकते हैं।

## दयानंद ने मेडिकल ओवरब्रिज के सामने नीचे लगाई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले में आये दिन वाहन दुर्घटनायें बढ़ते जा रही है, और लोगों की असमय ही मृत्यु हो रही है । इन वाहन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण शहर में वर्षो से मुख्य मार्गो पर हो रहे बड़े-बड़े गड्ढे और बढ़ता यातायात को सुचारू रूप नहीं करने के लिये प्रशासन जबावदार तो वहीं शराब के नशे में वाहन चलाने वाले।

ऐसी ही घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये विगत लंबे समय से दयानंद चौरसिया द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गो पर निरंतर आम जन की सुविधा हेतु सड़कों के गड्ढे तो भरे ही गये परंतु अब लोगों की मांग पर आज मेडिकल ओवर ब्रिज के दोनों ओर रात्रि के समय अक्सर डिवाईडर स्पष्ट नहीं दिखने के कारण लोगों के वाहन टकरा जाते हैं, जिसके चलते दुर्घटनायें होती है, इस पर रोक लगाने के लिये आज दोनों डिवाईडर पर रेडियम पट्टी लगायी गयी है, जिससे अब कुछ हद तक इस मार्ग पर दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी उन्होनें प्रशासन से मांग की है कि प्रशासन मुख्य चौराहों को चिन्हित कर उन स्थानों पर इसी तरह रेडियम के पट्टी लगवाये साथ ही मुख्य मार्गो में हो रहे बड़े-बड़े गड्ढो को तत्काल भरे जिससे आये दिन हो रही वाहन दुर्घटना पर रोक लग सके ।

## चिलचिलाती धूप में पदयात्रा कर ग्रामीणों के बीच पहुंचे सांसद

ग्रामवासियों से संवाद कर उन्हें बताई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



तपती और चिचचिलाती धूप के बीच सांसद बंटी विवेक साहू ने रविवार को सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा से विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं मेरा सांसद मेरा गांव अभियान की शुरूआत करते हुए छिंदवाड़ा और परासिया विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में पहुंचकर पदयात्रा के पहले दिन 28 किलोमीटर अपनी पदयात्रा पूर्ण की। इस दौरान सांसद श्री साहू का जगह-जगह आमजनों एवं भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

अपनी पदयात्रा के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, प्रधानमंत्री का संकल्प है कि जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। हमारी सेनाओं ने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया है, उस पर हम सभी देशवासियों को गर्व है। सांसद श्री साहू ने अपनी पदयात्रा के पहले दिन परतला,पोआमा, कुंडालीकलां, भमाड़ा,खंसवाड़ा,पुरा, मूसादेही, कन्हरगांव, पटपड़ा ढाना एवं डोमरी तक पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने कन्हरगांव में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उसका निराकरण किया।

सांसद बंटी विवेक साहू पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के दौरान कुंडालीकलां पहुंचे थे, इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद श्री साहू से मिलकर रंगमंच की मांग की थी। पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा की गई मांग को पूरा करते हुए अपनी विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं मेरा सांसद मेरा गांव अभियान के दौरान पदयात्रा कर कुंडालीकला पहुंचे सांसद श्री साहू ने ग्रामीणों को रंगमंच की सौगात देकर रंगमंच के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 2906 विद्यार्थियों को मिलेंगे लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में 12 वीं कक्षा में बेहतरीन उत्कृष्ट प्रणाम लाने वाले विद्यार्थियों को अब सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसी क्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत उत्कर्ष परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को सरकार अब लेपटॉप खरीदने के लिए राशि दी जावेगी।

गौरतलब हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के आयोजित इस वर्ष 2024 25, कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 75 एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने इसके लिए सभी जिला शिक्षा विभागों में निर्देश भी जारी कर दिए हैं। योजना के तहत यह राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। इस वर्ष छिंदवाड़ा जिले सहित पांढुर्ना के भी कुल 2906 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए भेजे जाएंगे।

पिछले साल कक्ष 12 वी के 2220 विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लैपटॉप के लिए राशि मिल चुकी है। चयनित विद्यार्थी अब आगे कॉलेज स्तरीय पढ़ाई के दौरान उन्हें मदद मिलेगी। 686 विद्यार्थी की संख्या में बढ़ोत्तरीगत वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 वीं की परीक्षा में कुल 2220 विद्यार्थी ही 75 एवं 75 फीसद से अधिक अंक हासिल पाए थे।

### जल स्रोतों में की जा रही साफ-सफाई

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं परामर्शदाता श्री विनोद तिवारी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, श्री जयप्रकाश सूर्यवंशी, श्री आशीष साहू के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, दीवार लेखन, स्वच्छता अभियान, जल स्त्रोतों का गहरीकरण आदि गतिविधियां की जा रही हैं। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा सतत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

देलाखारी रेंज की बम्हनी सर्किल का मामला, आरईएस के बेस्ट वियर निर्माण स्थल पर सप्लायर कर रहा रेत का भंडारण

# दूधी नदी में कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहा है रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

देलाखारी रेंज कई महीनों से प्रभारी रेंजर के भरोसे है। जिसके चलते ही नाकेदार डिप्टी डेंजर मनमाने तरीके से अपनी बीट और सर्कल में वन अपराध एवं अवैध कटाई के साथ रेत का अवैध उत्खनन करवा रहे हैं। पिछले कुछ महीने पहले नरसिंहपुर के सागौन तस्कर भूसे की ट्राली में सागौन भर कर ले जाते पकड़े गए थे, जिससे सिद्ध हो गया था कि देलाखारी रेंज की वम्हनी सर्कल वन अपराधियों का गढ़ बन चुकी है। चारगांव, बम्हनी बीट में सागौन की जमकर अवैध कटाई हो रही है। वहीं इस क्षेत्र में बहने वाली दूधी नदी भी अब वन विभाग के बजाय रेत तस्करों के अधीन हो चुकी है और यहां पर नाकेदार डिप्टी डेंजर की सरपरस्ती में रेत का अवैध उत्खनन जमकर दिन रात हो रहा है। रेत का अवैध उत्खनन का आलम यह हो गया है कि दर्जन भर ट्रैक्टर शाम होते ही दूधी नदी में रेत लेने उतर जाते हैं और यहां से वह रेत का वेखौफ तरीके से रेत का उत्खनन कर रहे हैं। रेत के सबसे बड़े अवैध उत्खनन करने वालो में दूधी नदी पर बना रहा करोड़ों का पुल ठेकेदार जिसने हजारों घन मीटर रेत अब तक वन विभाग की मिली भगत से इस पुल निर्माण कार्य में उपयोग की जा चुकी है। इसमें भी यहां के नाकेदार डिप्टी रेंजर अघोषित सप्लायर की भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। इन पर कोई कार्रवाई होने कारण दिन प्रति दिन दूधी नदी से रेत चोरी का दायरा बढ़ता गया जिससे दूधी नदी की जलधारा भी प्रभावित हुई है।



इस पर किसी भी वन विभाग के अधिकारीयों ने ध्यान नहीं दिया जिस कारण अब रेत का अवैध उत्खनन इन दिनों जोरों पर है। रेत का दूसरा सबसे बड़ा खरीददार वम्हनी के पिंडरई में आर आई एस विभाग के तालाब में बेस्ट बियर निर्माण किया जा रहा है जिसमें विभाग का सप्लायर जो आदतन रेत चोर है, उसने नाकेदार डिप्टी डेंजर को लालच देकर अपने विश्वास में ले लिया और अब तक उसने इस तालाब निर्माण के बेस्ट बीयर में सैकड़ो घन मीटर रेत का अवैध उत्खनन करवा चुका है जो निर्माण स्थल पर हुआ रेत का भंडारण एवं उपयोग की गई रेत को देखा जा सकता है। इस तरह दूधी नदी से रात में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन रात भर हो रहा है जिससे नदी किनारे रहने वाले वन्य प्राणी रेत के ट्रैक्टरों के शोरगुल से विचलित होकर इधर-उधर भटक रहे है। पिछले महीने ही एक चीतल का शिकार कुत्तों ने किया था। इससे भी वन विभाग ने सबक नहीं लिया। इसी के नतीजन डिप्टी रेजर नाकेदार पुरजोर तरीके से रेत का अवैध उत्खनन करवा कर वन अधिनियम उलघन के साथ-साथ वन्य प्राणियों के भी जान के दुश्मन साबित हो रहे हैं। यदि शीघ्र ही इस अवैध रेत उत्खनन पर अधिकारियों ने अंकुश नहीं लगाया तो जलचर प्राणी एवं वन्य प्राणियों की जान इनके लालच के वजह से चली जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

### 18 तोला सोना और नगदी लेकर हुए चंपत

# पुलिस को चुनौती, राजना में एक रात्रि में 6 घरों में चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगर से 15 किमी दूर नागपुर रोड पर स्थित ग्राम राजना में गत रात्री अज्ञात चोरों ने एक के बाद एक लगातार 6 घरों पर धावा बोलकर चोरी को अंजाम देते हुए पांढुर्ना पुलिस के सामने चुनौती पेश की है। चोरों ने कुल 18 तोला सोने पर हाथ किया और लाखो रू. नगद लेकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम राजना के निवासी विनोद दाते, विजय कुराडे, रमेश सातहाते, नत्थु महाजन, संपत बोबडे तथा सूरतराम खवसे के घर पर चोरों ने अपनी किस्मत आजमाई। सूरतराम खवसे के घर चोर जब घुसे तो परिवार की एक महिला सदस्या की नींद खुल गई और वह चोर चोर चीखने लगी। यह देख कर चोर दीवार फांदकर भाग खडे हुए। महिला के अनुसार चोर अपने हाथों में लाठियां और चाकू लिए थे। पुलिस को प्राप्त सीसीटीवी फूटेज के अनुसार चोरों ने अपने चेहरों पर नकाब लगा रखे थे। पुलिस के अनुसार चोरों की खोजबीन तेजी से की जा रही है। चोरों की सक्रियता के चलते आजू बाजू के गांवों में ग्रामीणजन चिंतित हो गए है।

## पीएम कॉलेज में तीन कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

**पांढुर्ना।** आज पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस में लैब असिस्टेंट मनोहर सोनी, बुक रीडकर, पंजाबराव गावंडे तथा ऑफिस अटेंडेंटरमेश नागरे के सेवानिवृत्ति अवसर पर सभी को भावभीनि विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. शहनाज खान ने की। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी एवं इग्नू समन्वयक प्रो. रामपाल कुमरे ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला।



आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी ललिता धुर्वे ने भी अपने संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के महत्वपूर्ण कार्यों को बताते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने उक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह का संचालन भोजराज कराले ने किया। आज के विदाई समारोह में प्रो प्रजेंद्र रघुवंशी, अजय झारिया, गजानन पराडकर, मनोज खुरसंगे, उदित विश्वकर्मा, राधेशाम बुआडे तथा समस्त प्राध्यापकगण, गैर शिक्षकीय कर्मचारी और अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अच्छी बारिश के लिए ग्रामीणों ने किया हरिनाम सत्ता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के सुकरी वार्ड नंबर 18 में धार्मिक आयोजन किया गया जिसमें सुखवती आम्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के समीप हरिनाम सत्ते का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास की मंडल ने भजन कीर्तन कर भगवान से अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की गई। हरि नाम सत्ता समापन के उपरांत दही लाई का प्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में बांटा गया।

## धरम टेकडी पर चलाया स्वच्छता अभियान

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहाके एवं कमिश्नर सी. पी. राय के कुशल मार्ग दर्शन में छिंदवाड़ा के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के अंतर्गत रविवार के शुभ दिन नगर पालिक निगम की स्वच्छता टीम के साथ स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर धरम टेकडी पहुंचे और वहां सेवा कार्य कर नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर स्वच्छता दूत के साथ नगर के युवा व्यवसाई मनोज साहू, ऋषभ दुगड़, राकेश जैन, नाओ यादव, अंशुल जैन, डिंपल भाई सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सेवा कार्य किया ओर अपने प्रिय छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने के साथ प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया जिनके साथ नगर पालिक निगम स्वच्छता टीम की अंकिता सोनी, शबाना, संध्या, आरती कीर्ति, अमन, विवेक, प्रथम सहित अन्य सदस्यगणों ने सेवा कार्य किया।

# पांच किमी पैदल ट्रेकिंग कर परासिया के बच्चों ने प्रकृति को करीब से जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

नदी पहाड़ जंगल और अपनी प्रकृति के बीच उसके संरक्षण की सोच को लेकर क्रीड़ा उत्थान एकेडमी के बच्चो ने खेल शिविर के समापन के अवसर पर तामिया में ट्रेकिंग की। परासिया के पेंचवेली मैदान में आयोजित निशुल्क खेल प्रशिक्षण के समापन के बाद बच्चो को रविवार को ट्रेकिंग कराई गई। तामिया के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस से सिंह वाहिनी नैनादेवी तुलतुला मंदिर तक बच्चों ने लगभग पांच किलोमीटर की ट्रेकिंग की। बच्चो ने इस दौरान प्रकृति को करीब से जाना। तुलतुला मंदिर प्रांगण में ट्रेकिंग के बाद बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया नन्हे अनमोल ने पिकनिक को लेकर अपने विचार साझा किए। रविवार को दो बजे सभी बच्चे परासिया के लिए वापस रवाना हुए। परासिया की क्रीडा उत्थान समिति ने शिविर का आयोजन किया था। एक माह के शिविर के बाद बच्चों को आज तामिया ले जाया गया। शिविर संचालक अरुण कपूर, प्रशिक्षक मुकेश अंधवान, सुरेश नागवंशी, राकेश उईके, अभय कुमार शर्मा के साथ बच्चे ट्रेकिंग के लिए निकले। तुलतुला नैना देवी मंदिर में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने गीत गाया। किसी ने कविता सुनाई। बच्चों ने स्टंट भी दिखाए। इस दौरान योग किया गया। पिकनिक विषय पर बच्चों ने अपनी बात रखी। हर बच्चे ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से शिविर का आयोजन समिति करती है। शिविर में तुलतुला मंदिर के पुजारी झीनानंद जी महाराज ने बच्चो को आशीर्वाद दिया। तामिया के समाजसेवी नितिन दत्ता ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। तामिया को लेकर उन्होंने बच्चों को जानकारी दी। तामिया की जैव विविधता और तामिया पातालकोट के एतिहासिक, भौगोलिक महत्व, जनजातिय संस्कृति और जनजाति जीवन शैली पर उन्होंने जानकारी दी!

## संजय तारण तरण जैन समाज अध्यक्ष, तारण बने सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई शनिवार तारण तरण जैन समाज द्वारा नगर की छोटी बाजार स्थित तारण तरण जैन मंदिर में समाज के अध्यक्ष पद एवं संगठन बिस्तर हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं समाज के वरिष्ठ जनों से विचार विमर्श कर सर्व सहमति से समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रहे संजय सुकांत जैन को तारण तरण दिगंबर जैन समाज चौरई के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया व सचिव तारण जैन को बनाया गया एवं नगर में छोटी बाजार में बन रहे नवीन जैन मंदिर जी की 14 सदस्य नव निर्माण समिति का गठन भी किया गया। समाज की कार्यकारिणी में अन्य लोगों को दी गई जगह यह ; अनुराग जैन उपाध्यक्ष, मनोज कुमार जैन कोषाध्यक्ष, आनंद कुमार जैन सह सचिव, पंकज जैन साह कोषाध्यक्ष, कमलेश कांत जैन प्रवक्ता, को कार्यकारिणी मनोनीत किया गया! एवं 14 सदस्य नव निर्माण समिति के नाम यहदिलीप कुमार जैन, निलेश कुमार जैन, मनोज कुमार जैन गल्ला, दीपक कुमार जैन, प्रसन्न जैन, शैलेंद्र जैन कुंडा, आयुष जैन, नवीन जैन, प्रद्युम्न जैन, शीतल प्रकाश जैन, दीपक जैन डैनी, मनीष जैन, अजय जैन, सागर कांत जैन, आनंद कुमार जैन समाज के सभी कार्यों में नजर रखने वाले संरक्षकों के नाम यह : विनोद कुमार जैन, सुभाष कुमार जैन, पंडित पदम जैन, लोकाश कुमार जैन ,बाबूलाल जैन, संतोष जैन ,पूनम चंद जैन,कैलाश जैन, संतोष कुमार जैन को रखा गया है मीटिंग के उपरांत सभी सामाजिक जनों ने सभी पद अधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## शिवलिंग की स्थापना कराई

**जुन्नारदेव।** ग्राम विशाला वार्ड नं 02 में शिक्षक द्वारा शिवराम घाट में प्राण प्रतिष्ठा की गई। मिली जानकारी के अनुसार भगवान शिव नंदीश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पं लक्ष्मण जोशी के द्वारा विधिवत्त पूजन पाठ करके स्थापना कराई गई। और हरिनाम सत्ता कर अच्छी वर्षा की कामना की इसके पश्चात दही लाई का प्रसाद वितरण किया गया। भगवान शिव नंदीश्वर शिवलिंग स्थापित कर हवन पूजन अर्चन किया गया ओर देर रात्रि तक विशाल भंडारा वितरण किया जिसमें आसपास के श्रद्धालु गणो ने लाभ उठाया। शिवराम घाट में श्रद्धालु आकर पूजन अर्चन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।



### लांजी थानांतर्गत गढ़ीटिकरा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग में मिला नक्सली डंप

## बालाघाट पुलिस को नक्सलियों के विरूद्ध मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज लांजी।



भारत सरकार के मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन के लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हुए बालाघाट पुलिस लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रही है। उक्त परिप्रेक्ष्य में 31 मई को पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सीआरपीएफ 7वी वाहिनी अल्फा कंपनी कोरका के द्वारा देबरवेली चौकी लांजी थाना अंतर्गत गढीटिकरा जंगल क्षेत्र में सर्चिग की कार्यवाही की जा रही थी। सर्चिग के दौरान दोपहर करीबन 1.30 बजे ग्राम नरपी के गढ़ीटिकरा जंगल क्षेत्र में पुलिस पार्टी को एक प्लास्टिक का कंटेनर दो पत्थरों के मध्य छिपा हुआ दिखा । कंटेनर शंकास्पद प्रतीत होने पर पुलिस की बीडीडीएस टीम द्वारा एसओपी का पालन करते हुए उक्त कंटेनर को चेक किया गया। कंटेनर में आईईडी बनाने की सामग्री जैसे इलेक्ट्रिक वायर, ट्रिप वायर, केमिकल रेड आक्साइड, पोटेशियम परमेंग्नेट, ग्लीसरीन आदि बरामद किया गया। उक्त घटना पर जिला बालाघाट के थाना लांजी में सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त जप्त सामग्री आईईडी बनाने हेतु नक्सलियों द्वारा जमा की जा रहीं थीं द्य जिससे सुरक्षा बलों व आम नागरिकों के जान-माल को नुकसान पहुंचाया जा सके। बालाघाट पुलिस द्वारा पुनः नक्सलियों के मंसुबो पर पानी फेरा गया। आने वाले दिनों में भी सघन सर्चिग अभियान जारी रहेगा। केंद्र सरकार की मार्च में की गई समीक्षा में मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से बाहर हो गया है। अब यह डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में आ गया है। पांच साल में नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का यह सकारात्मक परिणाम है। बालाघाट पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कैंप स्थापित किये फि र भी बालाघाट जिले में नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज करा ही रहे है।

### धम्म ही प्रगति का मार्ग है - भंते बुद्धपाल

## धम्म प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज कटंगी। तथागत गौतम बुद्ध के धम्म को घर-घर तक पहुंचाने और भारतीय संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के भारत को बौद्धमय बनाने के सपने को पूरा करने के मकसद से कटंगी तहसील के खजरी-सीताखोह प्रशिक्षण केंद्र में ऑल इंडिया समता सैनिक दल के नेतृत्व में तीन दिवसीय धम्म देशना शिविर का आयोजन किया गया. 30 मई को प्रदेश उपाध्यक्ष एन.आर.डोंगरे, बुद्ध अंबेडकरी विचारक एन.वी.ढोके, धम्मपाल देशभ्रतार, वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता एन.एल. मेश्राम, सुरेन्द्र गजभिए, तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र डोंगरे, जे.एस. चौरे, प्रदीप वारके, एस.आर.उके, एच.आर.रानाड़े, राजेन्द्र मेश्राम, घनश्याम गजभिए, भंते बुद्धपाल ने तथागत गौतम बुद्ध और बाबा साहब के छायाचित्र का पूजन कर धम्म वंदना के साथ शिविर की शुरूआत की।

तीन दिवसीय धम्म देशना शिविर में भंते बुद्धपाल ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि धम्म ही प्रगति का मार्ग है, आपकी प्रगति और आपका विकास आपकी ऊर्जा तय करती है. मूर्खो की संगति नहीं करना विद्वान की संगति करना चाहिए. सदाचारी से प्रेम करना, सद्भावना रखना चाहिए तभी हमारी प्रगति संभव है. जो व्यक्ति अनुकूल स्थान में रहता है पूर्व में किए पुण्य कर्म का स्मरण करता है और स्वयं को सन्मार्ग पर लगाता है उसकी प्रगति होती है।

## जनपद भवन में मनाई गई अहिल्या बाई होलकर की जयंती



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पुण्य श्लोक मां अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत वारासिवनी के सभागार में महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अहिल्याबाई होलकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

उसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायी जीवन को समाज के सामने लाना, उनके सुशासन की विरासत, धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए अद्वितीय जीवन व अविस्मरणीय योगदान, प्रशासन, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, न्याय की पर्याय, युद्ध कौशल एवं सुरक्षा व्यवस्था, आर्थिक समृद्धि एवं सुशासन को जन-जन तक पहुंचाना था। मां अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन संसार के लिए उदाहरण रहा, अपने जीवन में विश्राम को त्याग कर राष्ट्र को प्रथम मानकर भगवान शिव की प्रतिनिधि बनकर कार्य करती रही। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व पटल पर स्थापित कर रहे हैं। आज हमारा राष्ट्र आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर होते हुए विश्व गुरु के गौरव को प्राप्त हो रहा हैं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री एवं अहिल्याबाई होलकर जयंती संयोजक नरेंद्र भैरम, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला सहसंयोजक किशोर अमूले, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद संदीप मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दान्दरे, मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन, खंड विस्तार अधिकारी इरफान खान, सोनकर मैडम, एडे मेडम, आजीविका मिशन से संदीप जी, बिजेवार मैडम, स्वसहायता समूह की बहनें, लखपति दीदी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### कैलाश चंद जैन का निधन



**वारासिवनी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व जैन समाज के पूर्व सचिव श्री कैलाश चंद जैन का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। स्वर्गीय जैन अपने पीछे भाई प्रताप चन्द्र जैन व अरविंद जैन तथा पुत्र मनीष जैन, अन्नी जैन, डब्बू जैन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा रविवार की सुबह उनके जैन मोहल्ला स्थित निवास स्थान से निकाली गई। यह यात्रा स्थानीय मोक्षधाम में पहुॅची। जहॉ पर उनके पुत्रों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर विधायक विवेक पटेल, पूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल सहित सैकड़ों नागरिकों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय जैन को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

## मीठे पानी के लिए संघर्षः आधा किलोमीटर दूर से ला रहे पानी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जलवायु परिवर्तन के कारण कई तरह की मौसमी घटनाएं बढ़ रही है. इसमें मीठे पानी की उपलब्धता भी कम हो रही है. बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल की ग्राम पंचायत कोसुंबा भी इसी समस्या से जूझ रही है. इस पंचायत के वार्ड क्रमांक 04,05 और 06 के स्थानीय रहवासियों को पीने के लिए मीठा पानी जुटाने हर दिन करीब आधा किमी. दूर का सफर करना पड़ रहा है. इन वार्डों के घरों के पुरुष साइकिल, मोटर साइकिल पर बर्तन बांधकर पानी लाते है तो महिलाएं पैदल सफर कर पानी ढोती है. गांव में हर घर नल-जल योजना करीब चार वर्षों से अधूरी पड़ी है. ग्रामीणों ने बताया कि गांव के किशोर सिंह दसमेर के खेत में बने कुएं से मीठा पानी जुटाते है. यह सिलसिला पूरे वर्ष भर चलते रहता है. महिलाएं बताती है कि सुबह होते ही पानी के लिए जद्दोजहद शुरू हो जाती है. महिलाओं को पीने के पानी के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ता है. आधा किमी. पैदल चलकर पानी लाना पड़ता है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित होता है।

बावनथड़ी नदी के सहायक नाले के किनारे बसे कोसुंबा गांव में मीठे पानी के स्त्रोत कम मात्रा में है. ग्रामीणों के मुताबिक गांव के अधिकांश हिस्सों में जो पानी मिल रहा है वह पानी पीने के उपयोग के लायक नहीं है. जिस कारण इस पानी का दैनिक जीवन में रोजमर्रा के कामों के लिए ही उपयोग होता है. पीने के लिए मीठा पानी गांव के बाहर एक खेत में बने कुएं से जुटाना पड़ रहा है. गांव में हर घर नल-जल योजना से भी इस समस्या का निराकरण नहीं हो पाया. इस योजना के तहत गांव में पाईप लाइन का विस्तार किया जा चुका है. ग्रामीणों को अभी केवल उम्मीद है कि योजना के शुरू होने से मीठे के पानी की समस्या का समाधान होगा लेकिन वह पूरी तरह से आश्वस्त भी नहीं है।

### अपने हुनर का सदुपयोग कर स्वावलंबी बने महिलाएॅ- विवेक पटेल

## विधायक पटेल ने सिलाई, ब्यूटी पार्लर से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को किया प्रमाण पत्र वितरण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



दा इंसपायर्ड फाउंडेशन संस्था द्वारा शुक्रवार को सिलाई, कड़ाई और ब्यूटी पार्लर के दो माह से चल रहे निश्शुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल के पहुँचने पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त 65 महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान राजू नागेश्वर, सतीश दुबे, सत्यम पारिमल, विजय ठाकरे, प्रियंका पारिमल, रविता सहारे, हेमलता फुलबांधे मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि शिक्षा के साथ बेटियों के लिए हर चीज का ज्ञान होना चाहिए। शादी के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति को बनाये रखने के लिए महिला की अहम भूमिका होती हैं, इसलिए शादी से पहले या बाद में शिक्षा के साथ बेटियों को सिलाई और ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र लेकर घर नहीं बैठना हैं, बल्कि प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर का पूर्ण सदुपयोग से व्यवसाय स्थापित कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। समाज के हर व्यक्ति को आत्म निर्भर बनने के लिए रोजगार से जोड़ा जाना आवश्यक हैं। जो लोग पढ़े लिखे हैं, वे अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी प्राप्त करने का प्रयास करे। रोजगार से जुड़ी हुई महिलाएॅ आत्म निर्भर होती हैं और किसी भी परिस्थिति का सामना अत्यधिक सशक्त होकर करती हैं। महिलाओं को सिलाई और ब्यूटी पार्लर जैसे प्रशिक्षण का काम भी आना चाहिए, सिलाई और ब्यूटी पार्लर से महिलायें भी लाखों रूपये कमा सकती हैं और अपने परिवार का भरण पोषण आसानी से कर सकती हैं।

### शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया 'विश्व जैव विविधता दिवस'

**वारासिवनी।** शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में वनस्पति विज्ञान विभाग तथा ईको क्लब द्वारा विश्व जैव विविधता दिवस मनाया गया। जिसमें उपस्थित सहायक प्राध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा जैव विविधता व इसके संरक्षण के उपायों पर विचार प्रस्तुत किये गए। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम ग्लोबल प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करना हैं, के अनुरूप महाविद्यालयीन वनस्पति विज्ञान उद्यान में स्वछता अभियान चलाया गया तथा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलवायी गई। विश्व जैव विविधता दिवस कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी डॉ0 त्रिरत्नेश गजभिये, हेमन्त गनवीर विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र, डॉ0 सजाद मीर अतिथि विद्वान वनस्पतिशास्त्र एवं छात्र-छात्राएॅ उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### नपा कर्मचारियों द्वारा बबरिया फिल्टर प्लांट की सफाई की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर आज दिनांक 31 मई 2025 को नगर पालिका जलप्रदाय कर्मचारियों द्वारा बबरिया फिल्टर प्लांट की सफाई की गई कर्मचारियों द्वारा प्लांट में जमा मिट्टी एवं सील्ट को हटाकर उसकी अच्छे से सफाई की गई। विदित होवे कि नगरियों द्वारा नलों के माध्यम से कुछ क्षेत्र में गंदा पानी आने की शिकायतें प्राप्त हुई थी जिस पर संज्ञान लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह ने बबरिया प्लांट का तत्काल निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान देखा गया



### छात्रों ने किया उद्यानिकी विभाग की नर्सरी का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन।** मप्र जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग विकासखंड लखनादौन अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के तहत आयोजित समाजकार्य की संपर्क कक्षा में शासकीय उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी देवीश वाकडे महाविद्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने छात्र छात्राओं को मानव वन को अर्थ सम्पन्न बनाने में उद्यानिकी का महत्व बताते हुए अपनी कृषि को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए परंपरागत खेती के अलावा सब्जियां खेत के मेढ़ो में फलदार पौधे लगाने की सलाह दी।



# रीवा पुणे एक्सप्रेस को सिवनी होकर चलाने एवं पेंच व्हेली को नैनपुर तक बढ़ाने की मांग



## पूर्व सांसद डॉ. बिसेन ने पूर्व पत्रों का हवाला देते हुये केन्द्रीय रेलमंत्री के समक्ष रखी मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

रेलवे बोर्ड द्वारा नई सवारी गाड़ी संख्या 20151/20152 रीवा पुणे एक्सप्रेस के परिचालन के जारी निर्देश के परिपेक्ष्य में केन्द्रीय रेल मंत्रालय द्वारा अनुमति प्रदान करने पर पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुये उन्हें भेजे गये पत्र में इस नई साप्ताहिक ट्रेन को नियमित कर सप्ताह में तीन या चार दिन सिवनी होकर एवं सप्ताह के तीन या चार दिन बालाघाट होकर चलाये जाने की मांग की है। जब तक यह ट्रेन नियमित नहीं की जाती तब तक आल्टरनेट सिवनी एवं बालाघाट होकर चलायी जाये। डां. बिसेन ने पूर्व में की गयी पेंचव्हेली ट्रेन को नैनपुर तक बढाने की मांग को स्वीकृत करने का भी आग्रह किया है।

पूर्व सांसद डां. बिसेन द्वारा रेल मंत्री वैष्णव को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि बालाघाट संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिवनी जिले में सिवनी छिंदवाड़ा जिले की सीमा पर पेंच नेशनल पार्क है तथा बालाघाट जिले में बालाघाट मण्डला जिले की सीमा पर कान्हा नेशनल पार्क है। साथ ही छिंदवाड़ा एक बड़ा एवं प्रमुख व्यसायिक शहर है एवं यहां पर कोल माईन्स है जहां देश के सभी हिस्से के लोग निवास करते हैं। इस क्षेत्र से कोई लंबी दूरी की रेल सेवाएं न होने से पर्यटकों एवं आमजनों को आवागमन के लिये काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

वर्तमान में गोंदिया से पुणे के बीच आधा दर्जन से अधिक सवारी गाडिय़ा चलाई जा रही है और अभी इस रूट पर बहुत अधिक कन्जश्न रहता है। यदि इस नवीन प्रस्तावित गाड़ी को साप्ताहिक न कर प्रतिदिन किया जाकर सप्ताह में 3/4 दिन नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर होकर एवं सप्ताह में 3/4 दिन नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर होकर चलाया जा सकता है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में नैनपुर से सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर रूट जो नया बना है इस रूट पर ज्यादा सवारी गाडिय़ां नही चल रही है और ट्रैक खाली ही रहता है। यदि इस नवीन प्रस्तावित रीवा पुणे एक्सप्रेस का रीवा से जबलपुर, नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर होकर पुणे के लिए चलाया जाता है तो इससे सिवनी, छिंदवाड़ा जिले की सीधी संपर्कता अन्य महानगरों से होगी एवं पेंच आने वाले पर्यटकों को इसका लाभ मिलेगा। डां. बिसेन ने इस ट्रेन के नियमित नहीं किये जाने तक यह मांग रखी है कि इस ट्रेन के सप्ताह में 2 फेरे किये जाकर एक फेरा रीवा से जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर के रास्ते एवं एक फेरा रीवा से जबलपुर, नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर के रास्ते पुणे के लिए चलाया जाये।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में डां. बिसेन ने अपने पूर्व पत्रों का हवाला देते हुये इंदौर से सिवनी के बीच चलायी जा रही पेंचव्हेली फास्ट पेसेंजर को नैनपुर तक बढ़ाने का पुनः आग्रह करते हुये ध्यान आकृष्ट किया है कि पेंच व्हेली ट्रेन सुबह पाँच बजे सिवनी आने के बाद प्रातः 5:30 बजे बैतूल के लिये रवाना हो जाती है। बैतूल से लौटकर यह ट्रेन छिंदवाड़ा तक ही आती है और वहीं से इंदौर के लिये रवाना होती है। सिवनी से इंदौर भोपाल जाने वालो को छिंदवाड़ा से यह ट्रेन पकडऩा पड़ती है जिससे उन्हें असुविधा होती है।

यदि इस ट्रेन को नैनपुर तक बढ़ा दिया जाता है तो सिवनी ही नहीं बालाघाट एवं मंडला जिले को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही डां. बिसेन ने पेंच व्हेली में एसी थर्ड के एक कोच की बजाय और कोच बढ़ाये जाने की मांग की है। उन्होंन सुझाव दिया है कि नैनपुर से सुबह जो छिंदवाड़ा के लिये पेसेंजर ट्रेन चलती है उसे बैतूल तक बढ़ाया जा सकता है क्योकि यह ट्रेन प्रातः 9:30 बजे छिंदवाड़ा पहुँचने के बाद दिन भर वहाँ खड़ी रहती है। डां. बिसेन ने पत्र में नागपुर से दिल्ली के लिये व्हाया छिंदवाड़ा सिवनी नैनपुर होकर एक ट्रेन चलाने की भी मांग रखी है।

# बोरिंग मशीन सुधार रहे युवक को लगा करंट



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में शनिवार दोपहर एक घर में बोरिंग मशीन की मरम्मत के दौरान एक युवक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया।

घटना डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के छिड़िया पलारी गांव की है। मौके पर पहुंचकर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। घायल विनोद गौतम (40) निवासी जेवनारा एक घर में बोरिंग मशीन की मरम्मत करते समय बिजली करंट लगने से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल विनोद को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। प्रशासन की ओर से लगातार लोगों को बिजली संबंधी कार्यों के दौरान सुरक्षात्मक उपकरण पहनने की सलाह दी जा रही है।



# अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो वाहन दलसागर तालाब में जा गिरा

**सिवनी में रविवार सुबह करीब 4 बजे एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर दलसागर तालाब में जा गिरी। हादसे में वाहन ड्राइवर संदीप अरोरा घायल हो गए।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को कार से निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद वाहन को तालाब से बाहर निकालने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, वाहन ड्राइवर संदीप अरोरा निवासी बिलासपुर छत्तीसगढ़ अकेले मंडला में स्थित कान्हा नेशनल पार्क घूमने आए थे। इसी दौरान उनका स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर दलसागर तालाब में जा गिरा। तालाब में पानी कम होने की वजह से चालक की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस से लोगों की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल के लिए भिजवाया। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# क्षमता से अधिक सामान ले जाने वाहन चालक को लगा 10 हजार रुपए का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल ने सुबह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रात में एक पिकअप वाहन (एमपी 20 बी 2698) को क्षमता से अधिक सामान ले जाते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यातायात पुलिस के अनुसार कई वाहन चालक अपनी गाड़ियों में अधिक माल भरकर सड़कों पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है। साथ ही ओवरलोडिंग से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।पुलिस ऐसे नियम तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी जा रही है। आने वाले दिनों में भी यह जांच अभियान जारी रहेगा। साथ ही पुलिस ने जिले के लोगो से अपील की है के यातायात के वाहन चलाते समय यातायात के नियमो का पालन करें। बाइक चलाते समय हेलमेट लगाये, कार चलाते समय सीट बेल्ट बांधे और सावधानी पूर्वक वाहन चलायें।



# कलचुरी प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित हुए कलचुरी समाज के बच्चे

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




जैसा की विदित है कुमारी प्रज्ञा जायसवाल,सिंगरौली ने कक्षा 10वीं में 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में कीर्तिमान रचा है सिवनी जिला में कलचुरी समाज के लिए कार्य कर रहेकलचुरी फाउंडेशन ग्रुप के द्वारा आज यह जो कार्यक्रम 10वीं 12वीं में बच्चों का, बेटी प्रज्ञा के नाम से ही कल्चुरी प्रज्ञा सम्मान दिया जा रहा है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है इस आयोजन से न केवल बच्चे एवं उनके माता-पिता सम्मानित हो रहे है बल्कि हम भी सम्मानित हुए हैं उक्ताशय के विचार दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी द्वारा, कल्चुरी प्रज्ञा सम्मान समारोहः मे मुख्म अतिथि के रुप मे उपस्थित होकर व्यक्त किए गये।

कल्चुरी फाउंडेशन के अरुण राय ने आगे बताया कि सिवनी जिले में कक्षा दसवीं और बारहवीं में 75 पैसा से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 39 बच्चों को आईपीएस स्कूल के सभाकक्ष में, दिनेश राय, विधायक सिवनी के द्वारा प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने बच्चो के माता-पिता का सम्मान करते हुए बच्चो की सफलता के लिए बधाई देते हुए आगे यह भी कहा या आप का लक्ष्य बड़ा होना चाहिए आर्मी, एयरफोर्स, नेवी, आईपीएस, आईएस, आईएफएस, वैज्ञानिक, उद्योग पति, बनकर अपने माता-पिता अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करे।

सम्मान समारोह मे उपस्थित रामशरण राय, पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अभी तक समाज जो नहीं कर पाया वह कलचुरी फाउंडेशन ने कर दिखाया है जिसके लिए मैं पूरी टीम को बधाई देता हूं उन्होने आगे कहा कि अगले वर्ष यह जिला स्तर से उठकर प्रदेश स्तर पर इसका आयोजन किया जाए।

कल्चुरी समाज के 75% से 95% तक अंक प्राप्त करने वालेकल्चुरी प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित होने बच्चो में क्रमशः कु अनुष्का शिवहरे,कु.दीक्षा राय ,निहारिका राय , आर्या जायसवाल, आर्या चोकसे, वैष्णवी शिवहरे,अभिनव चौकसे ,वेदांस सूर्यवंशी, मिहिर ठाकुर ,पार्थ ठाकुर अनुज चौकसे ,ओसीम चौकसे, इतिशा चौकसे, शिवम राय, शशांक राय, भक्ति शिवहरे, शुभ सिंह राय, सुहासि राय, अंशिका जायसवाल, समीक्षा जैयसवाल, वंशिका राय अक्षत सूर्यवंशी, वैभव सूर्यवंशी, सुधांशु चौकसे, सूर्यांश राय, शुभ राय, लभ्या राय, आर्यन सूर्यवंशी, हर्षिता शिवहरे, शशांक राय, युवराज राय, श्रेयांश चौकसे, खुशी राय, आशुतोष, काव्यत जायसवाल, आदित्य सूर्यवंशी, प्रतीक्षा सूर्यवंशी, नरेंद्र सूर्यवंशी को सम्मानित किया।

कल्चुरी फाउंडेशन के डॉक्टर गजेंद्र डहरवाल द्वारा स्वागत भाषण के पशचात जितेन्द्र चौकसे द्वारा विधायक सिवनी को शाल फल से एवं अरुण राय एवं डा.गजेंद्र डहरवाल द्वारा एच एस राय एवं रामशरण राय दोनो पूर्व अध्यक्षो को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मीना जायसवाल एवं डा.बसंत राय द्वारा कार्यक्रम का संचालन सहित संतोष सूर्यवंशी, दिनेश चौकसे आदेश मालवीय रंत राय रितेश राय महेश सूर्यवंशी रायबाबू राय, एन एस राय सत्यम सूर्यवंशी सहित फाउंडेशन के सभी सदस्य सहित सम्मानित हुए बच्चो के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

# केवलारी पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढ निकाला दोनों अपहृत मासूमों को

दिनांक 30.05.25 की रात्रि 11,00 बजे फरियादी रामकिशोर उईके निवासी भादूटोला केवलारी ने थाना केवलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मासूम बच्चे पुत्र यशवंत उईके उम्र 11 साल, एवं पुत्री ईसिका उईके उम्र 6 साल की सुबह 11.30 बजे से लापता हैं। फरियादी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 285/25, 286/25 धारा 137 ( 2 ) बीएनएस का प्रकरण पंबद्ध कर तलाश पतासा में लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अपहृत मासूमों की तत्काल पतासा के निर्देश दिये गये।

निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी केवलारी के मार्गदर्शन में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुऐ अपहृत बालक बालिका के साथ अन्य अपराध होने के संदेह पर तत्काल टीम गठित कर अपहृत बालक बालिका की तलाश पतासा की गई पतासा दौरान बालक बालिकाओं के अपहरण की घटना को शोसल मीडिया एवं दूरसंचार के माध्यम से समस्त जिलों को सूचना दी गई। सायबर तकनीक के माध्यम से संदेही मोबाईल नम्बरों का पता कर ट्रेस किया गया, जो पुलिस की सक्रियता एवं अथक प्रयास से अपहृत बालक बालिका को अपराध कायमी के चंद घंटों के अन्दर ही थाना शाहपुर जिला बैतुल में संदेही अभिषेक मड़ावी नि० बड़ा घंसौर हाल भोपाल के पास से दस्तयाब किया जाकर उनके परिजनों सुपुर्द किया गया।

सराहनीय कार्य मासूमों का चंद घंटे में पता लगाने में सराहनीय कार्य - निरीक्षक एस. एस. रामटेक्कर (थाना प्रभारी केवलारी), उनि० विक्की धुर्वे, सउनि नन्हेसिंह मरकाम, किशोर मने, राजेन्द्र चौधरी, आर. विनोद धुर्वे, संतोष भलावी, हुलसीराम बोहने, म, आर, सुमन बघेल, सायबरसेल सिवनी से सउनि देवेन्द्र जायसवाल एवं थाना शाहपुर जिला बैतुल पुलिस का विशेष योगदान रहा।



# मत्स्य पालन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर महिला मत्स्य पालक श्रीमती आरती कश्यप ने बनाई अपनी अलग पहचान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अवसर एवं प्रोत्साहन मिलने पर महिलाऐं व्यवसाय क्षेत्र में नया आयाम लिख सकती है। ऐसा ही उदाहरण सिवनी जिले के ग्राम घोटी की महिला मत्स्य कृषक श्रीमती आरती कश्यप का भी है। जिन्होंने मत्स्य पालन से जुडी विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई है। श्रीमती कश्यप अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए आत्मा योजना अंतर्गत सर्वोत्तम मत्स्य कृषक पुरूस्कार से सम्मानित हुईं हैं। उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप एक लाख रूपये की राशि भी प्राप्त हुई है। श्रीमती आरती कश्यप की साधारण गृहणी से सफल मत्स्य पालक बनने का सफर वर्ष 2019 में ग्राम पंचायत पुसेरा के शासकीय तालाब को 10 वर्षीय पट्टे में लेने से प्रारंभ हुआ। विभागीय मार्गदर्शन में उन्होंने वर्ष 2021-22 में मत्स्य विभाग की सहायता से किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लिया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से 01 लाख रूपये का ऋण प्राप्त कर मत्स्य बीज, मत्स्य आहार एवं जाल क्रय कर इस वर्ष लगभग 2 टन मत्स्य उत्पादन किया। जिससे उन्हें 02 लाख रूपये की उल्लेखनीय आय अर्जित हुई।

श्रीमती कश्यप ने पूर्व अनुभव से प्रोत्साहित होकर वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि सह योजना का लाभ लेकर अपने तालाब के लिए अनुदान पर 50 लाख स्पान मत्स्य बीज एवं आहार, खाद अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त की। जिससे उन्हें लगभग ढाई टन का मत्स्य उत्पादन प्राप्त हुआ। जिससे श्रीमती कश्यप की लगभग ढाई लाख रूपये की शुद्ध आय प्राप्त हुई है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली निकाल कर दिया गया नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सु संस्कृति जैन के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार दिनांक 31 मई 2025 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन फुटबाल मैदान सिवनी में किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर सु संस्कृति जैन ने प्रातः 7.30 बजे कार्यक्रम में उपस्थित समस्त बच्चे, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई, इसके उपरांत प्रातः 7.40 बजे तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित नशामुक्ति रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। संदीप परते उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सिवनी द्वारा बताया कि 31 मई 2025 को" विश्व तम्बाकू निषेध दिवस "के अवसर पर युवाओं, छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य में बढ़ती हुई तम्बाकू /धुम्रपान सेवन की प्रवृति को रोकने एवं जनजागृति हेतु जिले में रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली जिला फुटबाल ग्राउड पुलिस लाईन सिवनी से प्रांरभ होकर सोमवरी चौक से होते हुये अंबिका चौक, शासकीय उत्कृष्ट स्कूल के सामने परतापूर रोड , सोमवरी चौक , सिंधी कालोनी होते हुये जिला फुटबाल ग्राउड में समापन हुआ।

इस अवसर पर ज्ञानचंद सनोडिया नगर पालिका अध्यक्ष सिवनी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मति मनु धुर्वे एवं अब्दुल हक एवं समर कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त करे रहे बच्चे, महेश कुमार नेमा सचिव जिला फुटबाल संघ सिवनी, गायत्री परिवार से सुंदरलाल बघेल एवं सहयोगी, ब्रम्ह कुमारी आश्रम से गीता दीदी एवं सहयोगी, न्यू अभिनय प्रयास से दीपक सिंगोंतिया एवं सहयोगी, इसके अतिरिक्त अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनधि सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए। सामाजिक कार्यकर्ता, छिददीलाल वास, प्रगेश नामदेव, इमरान खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंत में संदीप परते द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# सेंट्रल बैंक शाखा केवलारी के कमर्चारी महेश कोष्टी हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

केवलारी नगर में स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा केवलारी में पदस्थ कमर्चारी महेश कोष्टी अपनी बैंकिंग सेवा के कर्तव्यों से सेवानिवृत्ति होने पर उनकी धर्मपत्नी तीनो बेटों,बहु की उपस्थिति में सेंट्रल बैंक शाखा में बड़े ही गरिमामयी,भव्यता ,सादगी पूर्ण वातावरण में विदाई समारोह संपन्न हुआ। ज्ञातव्य हो कि महेश कोष्टी ने लगातार 30 वर्षों तक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया केवलारी में अपनी सेवाएं देते आ रहे थे ,इसके पहले वह सिवनी सेंट्रल बैंक में भी उन्होंने कार्य किया। इस अवसर पर उपस्थित बैंक कर्मचारियों, समाजसेवी, पत्रकारगण, व्यापरी बन्धुओं एवं बैंक के ग्राहकों ने महेश कोष्टी के बारे में बताया कि वो बड़े ही नेकदिल, मिलनसार, ईमानदार और सेंट्रल बैंक के प्रत्येक ग्राहकों से व्यक्तिगत जान पहचान के साथ ही उनके साथ मधुर संबंध,व्यवहार, सहयोग करने वाला बताया। सेंट्रल बैंक के हाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल गायकवाड़ शाखा प्रबंधक कवलारा,धारज कुमार शाखा प्रबंधक कान्हीवाड़ा, साईंकृष्ण उप शाखा प्रबंधक, अंकित साहू, सिद्धान्त मगर,सत्यम सोनी, राकेश यादव, मुकेश ठाकरे,राजेश उइके, परीक्षित, सीमा क्षीरसागर, सहित गणमान्य लोगों में ठल्लु लाल चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार हा रफीक खान, साँसद प्रतिनिधि सुधीर पाण्डे, चेमन सिंह बघेल,सुनील चौधरी ,धरम चंद जैन, देवेंद्र चंदेल,संयम अग्रवाल, अनिल चौधरी, ओमप्रकाश चंदेल, सुनील साहू,दीनू राय, सुनील साहू, संत साहू संतोष झारिया,अनिल चंदेल,रवि यादव द्वारका सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख वक्ताआ क द्वारा महेश काष्टा के पूरे कार्यकाल के दौरान उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह नेक,ईमानदार व्यक्तित्व के धनी है। आज उनका सेंट्रल बैंक की सेवाओं से विदाई हुई है ना कि हम लोगों के दिलों से। उपस्थित लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य,बेहतर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की,साथ ही सामाजिक वन में अपनी सेवाओं और अपने अनुभव का लाभ देते हुये,समाज और परिवारजनों को पर्याप्त समय देते हुए सभी के लिए प्रेरणादायीं कार्य करने की शुभकामनाएं दी। महेश कोष्टी ने पूरे कार्यकाल में केवलारी नगर के नागरिकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



### गौवंश अपराध के सम्बंध में अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**केवलारीः** जिला सिवनी में अनुभाग केवलारी अंतर्गत गौवंश की घटनाओं एवं अंतर्विभागीय सहयोग हेतु राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त अंतर्विभागीय बैठक SDM कार्यालय केवलारी में सम्पन्न हुई। बैठक में गौवंश तस्करी के सम्बंध में वन विभाग के द्वारा पुलिस विभाग को दैनिक सूचना संकलन एवं गोपनीय सूचना देने, गौवंश एवं वन अपराध में पुलिस,वन एवं राजस्व विभाग में आपसी सहयोग, गौवंश तस्करी के संवेदनशील ग्रामों की नियमित गश्ती एवं सूचना अदान-प्रदान करने, जंगलों के रास्ते आने-जाने वाले मावेशी किस उद्धेश्य से जा रहे है उनकी जानकारी चरवाहो व स्थानीय लोगों से जानकारी लेते रहना, बिना नंबर वाली गाडियों की चैकिंग करना इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

### युवा किरार समाज को मिला नया नेतृत्वः डॉ. नरेंद्र ठाकुर और महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में निर्मला ठाकुर की नियुक्ति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किरार समाज के संगठनात्मक ढांचे में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए, जिला अध्यक्ष बृजमोहन पटेल ने युवा किरार समाज के अध्यक्ष पद पर डॉ. नरेंद्र ठाकुर और महिला मोर्चा की अध्यक्ष पद पर निर्मला ठाकुर की नियुक्ति की घोषणा की है। डॉ. नरेंद्र ठाकुर, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता और सामाजिक योगदान के लिए जाने जाते हैं, अब युवा किरार समाज का नेतृत्व करेंगे। उनकी नियुक्ति से समाज के युवाओं में नई ऊर्जा और दिशा की उम्मीद की जा रही है। वहीं, निर्मला ठाकुर को महिला मोर्चा की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी सामाजिक सक्रियता और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिला अध्यक्ष बृजमोहन पटेल ने कहा, इन नियुक्तियों से समाज में नई सोच और नेतृत्व की भावना का संचार होगा। हमें विश्वास है कि डॉ. नरेंद्र ठाकुर और निर्मला ठाकुर अपने-अपने क्षेत्रों में समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। समाज के सदस्यों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और नए नेतृत्व को शुभकामनाएं दी हैं। उम्मीद है कि यह बदलाव समाज के विकास और एकता को और मजबूत करेगा।

### गम्भीर हालत में घायल विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता को जिला चिकित्सालय बालाघाट किया गया रिफर

# गौवंश तस्करी के सन्देह को लेकर विहिप के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के बीच जमकर चले लाठी और डंडे

**हरिभूमि न्यूज लांजी/किरनापुर।**





गौ वंश तश्करी के सन्देह में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं एंव ग्रामीणों के बीच जमकर लाठी डंडे चले हैं जिसमे दोनों पक्षों को काफी गम्भीर चोटें आई है, घटना किरनापुर थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम भालवा की है जहां आज सुबह 09 बजे करीब विश्व हिन्दू परिषद एंव बजरंग दल के कार्यकर्ता दो बोलेरो वाहन से गौ वँशो की तश्करी के सन्देह को लेकर ग्राम पंचायत भालवा के सरपंच प्रतिनिधि अमृतलाल राहंगडाले के खेत में पहुंच गए।जहाँ कुछ गौ वंश बंधे थे और कुछ से कृषि कार्य चल रहा था। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को सन्देह हुआ कि उक्त बैल कत्लखाने ले जाने के उद्देश्य से रखे गए हैं । जिस बात को लेकर ग्रामीणों एंव विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं के बीच बहस चालू हो गई इस बीच कुछ कार्यकर्ता गौ वंश को लेकर जाने लगे जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा किया गया कि ये गौ वशं कत्लखाने के लिए नही जा रहे हैं। जिस पर बहस चलती रही और देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे जिसमे विश्व हिन्दू परिषद के करीब 06 लोग जिनमे रोहित पिछोडे,लेखराम खरे, मुकेश ठाकरे,अजय ठाकरे सहित अन्य लोगो को गम्भीर चोटें आई है जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर में प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय बालाघाट रिफर कर दिया गया है जबकि ग्रामीणों की ओर से भी विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा कुछ महिलाओं एंव ग्रामीणों को मारपीट किया गया है जिससे उन्हें भी गम्भीर चोटें लगी है। जानकारी लगते ही छेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे भी करीब 03 बजे घायल विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं से मिलने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर पहुंचे और कहा कि गौ तश्करो पर कठोर कार्यवाही करवाई जाएगी फिर चाहे वह बीजेपी का वरिष्ठ या कनिष्ठ कार्यकर्ता क्यों ना हो। उक्त घटना में दोनों पक्षों की शिकायत पर किरनापुर पुलिस ने करीब 08 ग्रामीणों एंव 04 विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद श्री विद्या समय शाखा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को भेंट किए ड्रेस व फल



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

28 मार्च को आंगनबाड़ी केंद्र गर्रा रेंगाटोला लालबर्रा की आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को ड्रेस भेंट करने पहुंचे।

जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व बच्चों द्वारा श्री विद्या समय शाखा की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती निधि जैन, सचिव श्रीमती प्रियंका जैन, सक्रिय सदस्य श्रीमती जूली जैन का स्वागत व अभिनंदन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 वर्ष के 24 बच्चों व महिलाओं को स्वच्छता व साफ सफाई के बारे में समझाइश दी गई।

शाकाहारी भोजन के महत्व व फायदे बताए गए व भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा सिद्धांत बताए गए। क्योंकि रेल टोली में अधिकांश बच्चे झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले हैं इसलिए इस केन्द्र का चयन कर बच्चों को शर्ट व जींस का हाफ पेंट भेंट किया गया। इसके लिए श्री विद्या समय शाखा के सभी सदस्यों द्वारा राशि एकत्रित की गई थी। सभी को मौसमी फलों तरबूज व खरबूज परोसे गए। इस अवसर पर महिला बाल विकास की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती यशोदा भगत द्वारा शाखा के सदस्यों का परिचय करवाया गया व उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया गया। ग्राम पंचायत गर्रा की पंच श्रीमती जुबेदा शाह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए शाखा को धन्यवाद प्रेषित किया। स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती आराधना वासुदेव भी उपस्थित रही।

इस अवसर पर ग्राम गर्रा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनीसा बानो और श्रीमती शीला रोकडे व ममता बाहेश्वर एवं आंगनबाड़ी सहायिका अंकु बारेवार व मीना बारेकर द्वारा इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया। सभी की ओर से श्रीमती शीला रोकडे द्वारा शाखा द्वारा दिए गए इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## मॉयल लिमिटेड भरवेली में योगा कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



मॉयल लिमिटेड ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर अपने कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु “मॉयल योगा कार्यक्रम” की शुरुआत की है। इस विशेष पहल के अंतर्गत भरवेली सहित सभी खनन क्षेत्रों में एक माह तक चलने वाले योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कर्मचारियों को प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों द्वारा नियमित रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान सिखाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में अनुशासन, आत्म-संयम, मानसिक स्पष्टता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है, जिससे कार्यस्थल पर न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़े, बल्कि एक स्वस्थ और उत्साही वातावरण का निर्माण भी हो। मॉयल प्रबंधन का मानना है कि एक सशक्त और समर्पित कार्यबल ही किसी संगठन की वास्तविक पूंजी होता है, और योग के माध्यम से कर्मचारियों के भीतर संतुलन व स्थिरता लाकर संगठन की समग्र प्रगति को गति दी जा सकती है। यह पहल मॉयल की सतत कर्मचारी कल्याण नीति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत उठाया गया एक उल्लेखनीय कदम है, जो “स्वस्थ कर्मचारी – सक्षम संगठन” की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करता है।खान प्रबंधक विवेक कुमार ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर कहा की अपने आप को चुस्त, दुरस्त ,निरोगी रखने के लिए योगा बहुत जरूरी है।

## बालाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**




बालाघाट में रेल यात्रियों को इन दिनों ट्रेनों की देरी से जूझना पड़ रहा है। गोंदिया में बन रहे आरओआर (रेल ओवर रेल) के कारण रेलवे विभाग को बार-बार ब्लॉक लगाना पड़ रहा है।

जेडआरयुसी सदस्य मोनिल जैन के अनुसार, 4-5 जून को आरओआर की सीआरएस (कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी) जांच होगी। इसके बाद 6 जून से ट्रेनों का ट्रायल शुरू होगा। जैन ने बताया कि आरओआर बनने के बाद बालाघाट से चलने वाली सभी ट्रेनों को फायदा होगा और देरी की समस्या दूर हो जाएगी।

रेलवे स्टेशन के सहायक प्रबंधक सुधीर बाजपेयी ने कहा कि वरिष्ठ स्तर पर इस समस्या के समाधान पर काम चल रहा है। यात्रियों को हो रही असुविधा का सीधा उदाहरण गोंदिया निवासी कौशल्या हैं। उन्हें ढाई बजे की विदर्भ एक्सप्रेस पकड़नी थी, लेकिन ट्रेन की देरी के कारण अब उन्हें महंगा किराया देकर बस से यात्रा करनी पड़ेगी।

यात्रियों की एक और मांग है कि कोरोना काल से पहले चलने वाली सुबह 6:45 बजे की बालाघाट-गोंदिया लोकल पैसेंजर और रात 10 बजे गोंदिया से बालाघाट आने वाली ट्रेन को फिर से शुरू किया जाए। ये ट्रेनें यात्रियों को रायपुर और नागपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करती थीं।

## हजरत सै.शफी अली रह.अलै.का उर्स संपन्न

### शाही संदल ने किया नगर भ्रमण, जायरीनों को बाटा गया लंगर

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**



सिवनी रोड़ राज्य मार्ग 26 में स्थित हजरत सैय्यद शफी अली शाह रह.अलैह की दरगाह शरीफ में गत 29 मई से आयोजित तीन दिवसीय उर्से मुबाकरक का समापन 31 मई को फजर की नमाज के बाद गुस्ले-पाक, कुल शरीफ व फातिहाखानी कर किया गया। इस तीन दिवसीय उर्स के मौके पर 29 मई को बाद नमाजे फजर गुस्ले मजारे पाक, कुरानखानी, मिलाद शरीफ व झण्डा परचम कुशाई की गई, वही 30 मई को सादिक यासिनी के घर से शाम 6 बजे संदल निकाला गया, जो पूरे नगर को गस्त करते हुए मजार पहुंचा जहां बाद फातिहा के रात्रि 9 बजे लंगर तक्सीम किया गया। उर्स के अंतिम दिन 31 मई को फजर की नमाज के बाद गुस्ले-पाक, कुल शरीफ व फातिहा खानी कर उर्स का समापन किया गया।

विदित हो कि नगर मुख्यालय में राज्य मार्ग क्रमांक 26 सिवनी मार्ग पर स्थित कौमी एकता व साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक हजरत सैय्यद शफी अली शाह रह.अलैह की दरगाह शरीफ में प्रतिवर्ष मई माह के अंतिम पखवाडे अर्थात 29, 30 व 31 मई को तीन दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन किया जाता है, जिसमें उर्स के दूसरे दिन 30 मई को कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, चुंकि मौसम के चलते इस वर्ष कव्वाली का आयोजन नही हो सका, इस आयोजन में देश-विदेश के सुप्रसिध्द कव्वालों ने अपनी प्रस्तुति दे चुके है। इस तीन दिवसीय उर्स शरीफ में दरगाह खादिम हाजी मो. अनवर यासीनी, सादिक यासीनी, उर्स कमेटी अध्यक्ष सरफराज खान, उपाध्यक्ष मीम रंगरेज, राजा खान, सचिव रिहान खान, सहसचिव फैजान कुरैशी, मेजबान इमरान खान, रफीक मुल्ला चच्चा, जैनुल आबेदिन, सिराज खान, नसीर उल्ला कुरैशी, शहबाज खान, राशिद खान, रिजवान रंगरेज, गोपाल उइके, मोहसीन खान, जुनेद खान, तालिब गुल्लर भाई, राजा खान, जावेद खान, मकसूद छोटू खान, अनिल जेवरानी, राजा भाई, राशिद भाई (फलवाले), वजीर भाई (सब्जी), मोहसिन खान, मतीन रजा सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# मई माह भर चले खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**बालाघाट।** मप्र शासन के निर्देशन एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीना व पुलिस अधीक्षक श्री नगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में 01 मई से 31 मई तक एक माह का खेल प्रशिक्षण शिविर मुलना स्टेडियम सहित अन्य स्थानों पर आयोजित किया गया था। इस खेल प्रशिक्षण शिविर में जिला मुख्यालय में 10 खेल और सभी विकासखंड मुख्यालयों में 2-2 खेलों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। जिसमे एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल कराते, बैडमिंटन, लॉन टेनिस क्रिकेट, हॉकी, बास्केटबॉल का आयोजन किया गया। जिसमे जिले से लगभग 2300 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और विभाग में ऑनलाइन पंजीयन भी कराया। इस खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम 01 जून को मुलना स्टेडियम के प्रांगण में किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री मीना द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरुष्कार स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किये गए। साथ ही सभी से खेलों के प्रति अपनी भूमिका को निरंतर जागरूक रखने के लिए कहा गया। चूँकि खेल व्यक्तिगत जीवन को स्वस्थ और निरन्तर क्रियाशील रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर और जिले के समस्त खेल संघों के पदाधिकारी सभी प्रशिक्षक और अधिक से अधिक संख्या में जिले के खिलाड़ियों की उपस्थिति रहें।



### लघु वनोपज संघ ने सामुदायिक विकास के निकाले रास्ते

# नक्सल क्षेत्र विकास में लघु वनोपज संघ और उत्तर वनमंडल ने अपनाया सामुदायिक विकास का मॉडल

### 30 करोड़ रुपये के लाभांश से सड़क बिजली और पानी



### 31 प्राथमिक समितियों के जुड़े 51 हजार परिवारों को आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने में उत्तर वनमंडल अग्रसर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट अपनी वन संपदा और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध जिलो में गिना जाता है। यहां 53.44 प्रतिशत क्षेत्र में सुरम्य और रोमांचित कर देने वाला जंगल प्राकृतिक रूप से आच्छादित है। अब यहां उत्तर वनमंडल और लघु वनोपज मिलकर जनजातीय क्षेत्रों के सामुदायिक विकास में वन औषधियों के साथ ही सागौन, साल, बीजा, बांस और तिनसा के अलावा ऐसी वनोपज भी है जो जनजातीय नागरिकों के लिए आर्थिक आधार बन रही है। यहां की वनोपज के क्रय विक्रय में लघु वनोपज संघ द्वारा जनजातीय क्षेत्र और यहां निवास कर रहे नागरिको के आर्थिक विकास में बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। उत्तर वनमंडल बालाघाट और लघु वनोपज संघ मिलकर सामुदायिक विकास (कलेक्टिव डेवलपमेंट) का मॉडल अपनाकर नक्सल क्षेत्रों में सड़क बिजली और पानी की नई आधारभूत संरचानाये बनाकर सामुदायिक विकास की ओर अग्रसर है। वनोपज संग्रहण से नागरिको को बहुतायत में रोजगार भी उपलब्ध हुआ है, जिसमें 51 हजार से अधिक संग्राहक परिवारों को क्षेत्र में पलायन रोकने में कारगर साबित हो रही है। साथ ही वनोपज के लाभांश से जनजातीय क्षेत्र में अधोसंरचना के 30 करोड़ रुपये की राशि के कार्य हुए है।

### झिरियों के स्थान पर ट्यूबवेल और हेंडपम्प,पगडंडियों की जगह सीसी रोड़ ने ली

वनोपज संघ ने 31 प्राथमिक समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण में 75 प्रतिशत अंश का पारिश्रमिक भुगतान और 20 प्रतिशत लाभांश से अधोसंरचनो का विकास किया गया। वर्ष 2021 से 2024 तक 30 करोड़ रुपये की लागत से अधोसंरचना के कार्य हुए है। यहां उत्तर वनमंडल द्वारा पेयजल की व्यवस्था के लिए झिरियों के स्थान पर ट्यूबवेल और हेंडपम्प स्थापित किये। पगडंडियों व कीचड़ और धूलभरी हवाओं की जगह सीसी रोड़ ने ले ली है। पशुओं व खेती के लिए तालाब, स्टॉपडेम, लाइट के लिए सोलर पैनल, स्ट्रीट लाइट, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए पक्के सामुदायिक भवन और सभामंच बनवाएं गए है। जनजातीय क्षेत्रो में 20 हेंडपम्प, 16 सीसी रोड़, 13 सामुदायिक भवन, ट्यूबवेल, 6 तालाब और स्टॉपडेम, 21 कार्य स्ट्रीट लाइट के और 2 स्थानों पर पुलिया निर्माण भी किया गया।

### ऐसे समय में रोजगार मिला, जब कहीं काम नही होता

डीएफओ श्रीमती नेहा श्रीवास्तव बताती है कि यह मॉडल वनोपज संग्राहक परिवारों द्वारा कमाई से हुए लाभांश की बोनस राशि पर आधारित है। इसमें संग्राहकों को मजदूरी/बोनस और फिर शेष राशि से सामुदायिक व्यवस्थाएं विकसित करने का मॉडल है। जिसे बालाघाट के उत्तर क्षेत्र के वनीय क्षेत्र में उतारा गया है। यहां 3 वर्षो में करीब 40 करोड़ रुपये के मजदूरी प्रदान की गई। इसके अलावा 30 करोड़ रुपये के कार्य किये गए। सबसे अच्छी बात यह है कि ऐसे समय में जब इनके पास कोई काम नहीं होता है, तब लघु वनोपज से जनजातीय नागरिकों को रोजगार दिया जा रहा है।

### प्राथमिक समितियां तय करती है अधोसंरचनाओं के कार्य

लघु वनोपज संघ अध्यक्ष श्री मण्डलेकर इस मॉडल पर हुए कार्यो व नागरिकों के रहवासी क्षेत्रो में विकास को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि अब तक जहाँ शासन के विकास कार्य नहीं हुए वहां प्राथमिक समितियां स्वयं के गांव में सड़क, बिजली पानी जैसे कार्य तय करती है। उनकी मांग के अनुसार उत्तर वनमंडल और लघु वनोपज संघ द्वारा कार्य किये गए है। मुंडा, हर्राटोला,केरेझरी, पिटकोना,मालखेड़ी और परसाटोला जैसे अनेक गांव है जो नक्सल प्रभावित भी है। वहां अधोसंरचना पर काम किया गया।

# सचिव के खिलाफ सरपंच ने खोला मोर्चा

### *सचिव को निलंबन एवं पद मुक्त करने की मांग की, भ्रष्टाचार का लगाया आरोप*

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

जनपद पंचायत खैरलाँजी अंतर्गत ग्राम पंचायत किन्ही के सरपंच सुरेंद्र उपवंशी ने पंचायत सचिव जय प्रकाश कातरे पर शासकीय राशि के हेरफेर का गंभीर आरोप लगाया हैं। उन्होंने इस मामले में तत्काल सचिव को निलंबित कर जॉच कर कार्यवाही करने की मॉग कलेक्टर बालाघाट से की हैं। लेकिन दो सप्ताह बीतने के बाद भी अभी तक जिला प्रशासन बालाघाट द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई हैं।

सरपंच सुरेन्द्र उपवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सचिव जय प्रकाश कातरे द्वारा कैश बुक में उनसे हस्ताक्षर करवाए बिना ही बैंक से 684000 रुपये की राशि का आहरण कर एनपीएल हार्डवेयर के खाते में डलवा दिया। जबकि एनपीएल हार्डवेयर से सी सी नाली के लिए 482055 रुपये की सामग्री ही क्रय की गई थी। इसीलिए सचिव ने हार्डवेयर वाले से 241945 रुपये की राशि वापस मॉग ली। वहीं कल्याणी हार्डवेयर भौरगढ़ से लाई गई सामग्री का भुगतान आज तक नहीं किया गया हैं। जिसके कारण दुकानदार बेहद परेशान कर रहा हैं। इस मामले में सचिव से चर्चा करने पर वह राशि नहीं होने की बात कहता हैं। उन्होंने बताया कि 13 मई 25 को उन्होंने इस संबंध में एक लिखित शिकायत कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में की हैं। जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ को कार्यवाही करने के लिए लिखा था, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई हैं।

ज्ञात हो कि सचिव जयप्रकाश कातरे पूर्व में भी भ्रष्टाचार के मामले में 4 बार निलंबित हो चुके हैं। किंतु उनके द्वारा जिला पंचायत के अधिकारियों से मिलकर कर अन्य पंचायत में अपनी पद स्थापना करवा ली जाती है एवं जनपद पंचायत खैरलाँजी मूकदर्शक बनकर देखती रहती हैं। सरपंच सुरेंद्र उपवंशी द्वारा प्रशासन से मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट सचिव के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### आकर्षण का पर्दाफाश थीम पर मनाया तंबाकू निषेध दिवस

**बालाघाट।** जिला चिकित्सालय और एक निजी होम्योपैथिक कॉलेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस रविवार को मनाया गया। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन और सीएमएचओ डॉ.परेश उपलव के मार्गदर्शन में जिला टोबेको नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ.कल्पना ध्रुवे व दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ षलुभा मचगाहे के नेतृत्व में कार्यशालाएं आयोजित हुई। यह कार्यशालाएं वर्ल्ड स्वास्थ्य संगठन द्वारा दी गई थीम आकर्षण से पर्दाफाश के अनुसार किया गया। टोबेको नियंत्रण नोडल डॉ. धुर्वे ने बताया कि थीम के अनुसार कॉलेज में विद्यार्थियों तथा अस्पताल में नागरिकों को किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन नहीं करने एवं तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## स्कूल परिसर में 35 वर्षीय फर्नीचर कारीगर का शव मिला

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के कटंगी में प्राथमिक शाला परिसर में एक 35 वर्षीय फर्नीचर कारीगर का शव मिला है। मृतक की पहचान अजय उर्फ बब्लु पिता पूरनलाल बांधे के रूप में हुई है। अजय पिछले दो महीने से नागपुर में काम कर रहा था। वह तीन दिन पहले ही घर लौटा था। शनिवार शाम को घूमने के लिए निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार चिंतित हुआ। रविवार को स्कूल परिसर में उसका शव मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। ग्रामीण थाना प्रभारी छत्रपालसिंह बैस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह गिरने से मौत का मामला लग रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



मृतक की पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की आशंका को देखते हुए मामले की हर पहलू से जांच की जाएगी।

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस | माईनिंग | सिविल | इलेक्ट्रिकल | मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com